Title: Need to set up a Krishi Vigyan Kendra in Khagaria district of Bihar.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : महोद्य, बिहार प्रान्त के खगड़िया जिला में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना के लिए कृषि अनुसंधान परिषद ने वर्ष 1984 में प्रयास किया था, लेकिन भूमि संबंधी कठिनाईयों के कारण वह योजना वहीं रुक गई। इस जिला में गेहूं, धान, मकई, चना, सरसों, मिर्च, मसाले, शकरकंद, सूरजमुखी, ईख आदि की भरपूर पैदावार होती है, लेकिन किसानों को कृषि संबंधी वैज्ञानिक जानकारी देने वाली कोई भी एजेंसी जिला में कार्यरत नहीं है। लीची, टमाटर, आम, अमरूद, बेर, केला आदि का उत्पादन तो पर्याप्त होता है लेकिन फल संरक्षण की तकनीक से अनभिज्ञ किसानों को अपने उत्पाद की लागत कीमत भी नहीं मिल पाती है।

आज खगड़िया जिला के किसानों को उन्नत बीज, बीज संरक्षण की तकनीक, फल संरक्षण, कृषि संयंत्र प्रशिक्षण, भू जल के सदुपयोग संबंधी प्रशिक्षण आदि की आवश्यकता है और कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना से ये सम्पन्न हो सकते हैं, ऐसा मेरा विश्वास है। इसलिए केन्द सरकार से अनुरोध है कि खगड़िया जिला में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जाये।